# विकसित भारत का सपना होगा साकार



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 जून।** भाजपा युवा मोर्चा का युवा संवाद कार्यक्रम 17 जून को गर्ग सेवा सदन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत-2047 का संकल्प युवाओं की शक्ति और सहभागिता से ही पूरा होगा।

**भाजयुमो के युवा संवाद में संगठन, राष्ट्र निर्माण और राजनीति में युवाओं की भागीदारी पर हुआ मंथन**

उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए लगातार अवसर उपलब्ध करा रही है और एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने का लक्ष्य इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष सोनू परमार ने की। उन्होंने युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह ने युवाओं से राष्ट्रहित में कार्य करने और संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर जुड़ने की अपील की। राष्ट्रीय हॉकी संघ उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने चंबल के युवाओं की वीरता और देशसेवा की भावना को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## लोकसेवा गारंटी : कुल्हौली पंचायत सचिव पर 250 अर्थदंड

**मुरैना, 18 जून।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2010 के तहत निर्धारित समयसीमा में सेवा उपलब्ध नहीं कराने पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने ग्राम पंचायत कुल्हौली, जनपद पंचायत सबलगढ़ के सचिव रामनारायण रावत पर 250 रुपये का अर्थदंड लगाया है।

लोक सेवा गारंटी पोर्टल की रिपोर्ट में आवेदन के निराकरण की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, लेकिन संबंधित सचिव द्वारा आवेदन का निराकरण एक दिन की देरी से 24 अप्रैल को किया गया। समयसीमा के उल्लंघन पर अधिनियम की धारा के तहत शास्ति अधिरोपित की गई।

# अंबाह में रक्तदान शिविर 19 जुलाई को, मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 जून।** माथुर वैश्य शाखा सभा, महिला मंडल एवं सेवादल की संयुक्त बैठक में समाजहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक हरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान विवेक गुप्ता को मध्यांचल मंडल का रक्तदान प्रभारी बनाए जाने पर सम्मानित किया गया।

**माथुर वैश्य शाखा सभा के तत्वावधान में होगा आयोजन**



बैठक में तय किया गया कि 19 जुलाई को अंबाह में अभा माथुर वैश्य मध्यांचल मंडल की महत्वपूर्ण बैठक के साथ विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। इसी अवसर पर अंबाह, पोरसा और मुरैना क्षेत्र के 10वीं, 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य सेवा भावना, युवाओं की भागीदारी और शिक्षा को प्रोत्साहन देना है। बैठक में समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



# सामान्य सभा की बैठक में जपं सदस्यों ने किया हंगामा, स्थगित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 18 जून।** जनपद पंचायत जौरा की सामान्य सभा की बैठक एक बार फिर विवाद और हंगामे की भेंट चढ़ गई। 18 जून को जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में 15 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा प्रस्तावित थी, लेकिन बैठक शुरू होते ही सदस्यों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जिसके बाद जपं सीईओ ने बैठक को स्थगित कर दिया।

**13 सदस्यों ने अध्यक्ष पति पर लगाए कामकाज में दखल देने के आरोप**

जनपद सदस्य श्रीमती नीतू सिकरवार सहित 13 सदस्यों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष के पति जनपद पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। सदस्यों का कहना था कि अध्यक्ष से चर्चा के दौरान उनके पति जवाब देना शुरू देते है। जिससे बैठक की प्रक्रिया प्रभावित होती है। सदस्यों ने कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जांच और चर्चा की मांग की। विवाद बढ़ने के बाद अध्यक्ष श्रीमती प्रिया सिकरवार, विधायक प्रतिनिधि एवं उनके समर्थक सदस्य बैठक से उठकर चले गए।

इसके बाद प्रभारी सीईओ महावीर सिंह ने हंगामे के चलते बैठक स्थगित कर इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी। जपं सीईओ ने बताया कि बहस और व्यवधान की स्थिति बनने के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी।

# दुष्कर्म के केस में नाबालिग आरोपी गिरफ्तार, एक्टिवा बरामद

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 जून।** नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में आरोपी विधि विरुद्ध बालक को बानमोर पुलिस ने 18 जून को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा बरामद कर ली गई है।

**बानमोर पुलिस की कार्रवाई, 9 जून को हुई थी घटना**

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने 16 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया था कि 9 जून को जब वो अपनी बहन के साथ दवा लेने बाजार जा रही थी। तभी रास्ते में उसे डोंगरपुर मातावसैया निवासी आरोपी मिला और बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ रेलवे ब्रिज के पास स्थित एक होटल में ले गया। जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।





आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक दीपेन्द्र यादव, प्र.आर. राजकुमार, रंजीत सिंह, आरक्षक सुनील यादव, अवकाश जाट, जितेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा है।

## बिजली चोरी पर महकमे की सख्ती 8 उपभोक्ता चोरी करते पकड़े

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 18 जून।** विद्युत चोरी रोकने और बकाया बिलों की वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने जौरा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। सहायक यंत्री पीएस यादव और कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा की मौजूदगी में टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण किया।

**33 बकायादारों के कनेक्शन काटे, 4.12 लाख रूपये की वसूली**

18 जून को द्वारकापुरी कॉलोनी, पगारा रोड, एमएस रोड, जनपद पंचायत कार्यालय परिसर सहित कई इलाकों में हुई जांच के दौरान 8 उपभोक्ताओं के यहां बायपास कनेक्शन से बिजली चोरी पकड़ी गई। विभाग ने सभी के खिलाफविद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किए हैं। वहीं बिलों की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 33 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने 4 लाख 12 हजार रुपये की बकाया राशि भी वसूल की।

# भूपपुरा-साहसपुरा में 2 .20 लाख का 100 ट्रॉली रेत नष्ट किया

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 जून।** रेत के अवैध भंडारण के विरुद्ध नगरा पुलिस ने 17 एवं 18 जून को ग्राम भूप पुरा एवं साहसपुरा में अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 2 लाख 20 हजार रूपये कीमती 100 ट्रॉली रेत को जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कराया गया। पुलिस के अनुसार माफिया द्वारा भूप पुरा और साहसपुरा में जंगल, बीहड़ों में रास्ते के किनारे तकरीबन 100 ट्रॉली रेत को अवैध रूप से भंडारित किया गया था। कार्रवाई में एसआई सुखदेव चौहान, एसआई सोबरन सिंह यादव, प्र.आर. मुनेन्द्र राजावत, मधुराज सिंह, आरक्षक गोविंद भदौरिया, आरक्षक भरत परमार शामिल थे।



**नगरा पुलिस ने बुधवार-गुरूवार को की कार्रवाई**

# स्टूडेंट ने सुना-देखा राहुल गांधी का संदेश



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 जून।** राजस्थान के कोटा में युवाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी के संदेश का मुरैना में भी सीधा प्रसारण किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्टेशन रोड पर बड़ी स्क्रीन लगाकर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने संबोधन सुना।

राहुल गांधी ने नीट परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि छात्रों और अभिभावकों की गलती नहीं, बल्कि व्यवस्था की खामियों के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी में मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। इस मौके पर मौजूद जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि राहुल गांधी का संदेश युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है और व्यवस्था में सुधार के लिए युवाओं को जागरूक होकर आगे आना होगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र जाटव ने भी युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी :** शहर अध्यक्ष गजेन्द्र जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रवक्ता हरीश पाठक, जगन्नाथ कुशवाह, अवनीश कटारे, मनीष शर्मा, हरीराम पचौरिया, संतोष तिवारी, राकेश मिश्रा, नरेश यादव, रामस्वरूप कामर, अशोक सिकरवार, राधेश्याम डंडौतिया, हमीद खान, मनु राजावत, अभय बघेल, अंकित बघेल, मनीष तोमर, हेमंत शर्मा, अभिषेक शर्मा आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# किन्नर के घर डकैती में बॉबी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 18 जून।** थाना अंबाह पुलिस ने जनवरी-2026 में राबिया किन्नर के घर हुई डकैती के मामले में फरार चल रहे बॉबी निषाद को अंबाह पुलिस ने 18 जून को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके ऊपर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से कट्टा, बाइक समेत चांदी के जेवरात बरामद किए है।

**गिरफ्तारी पर घोषित था 10 हजार का ईनाम, जनवरी-2026 में हुई थी घटना**

बदमाश की गिरफ्तारी का खुलासा एसडीओपी अंबाह रवि प्रताप भदौरिया ने गुरूवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से किया। उनके साथ थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेश कुशवाह और पुलिस टीम मौजूद थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राबिया किन्नर के घर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। जबकि आरोपी बॉबी निषाद पुत्र बनारसी उर्फ बनवारी निषाद निवासी बरकतपुर थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद यूपी फरार बना हुआ था। मुरैना पुलिस की ओर से उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया था। 18 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी बॉबी को दबोच लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा, अपाचे बाइक समेत करीब 400 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए है।



## एक नजर में



### टेंटरा के रायड़ी घाट पर 500 ट्रॉली रेत जेसीबी से नष्ट किया

**मुरैना, 18 जून।** रेत उत्खनन, अवैध भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस, वन विभाग और एसएएफ की संयुक्त टीम ने गुरूवार को टेंटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंबल नदी के रायड़ी घाट पर कार्रवाई की। मौके पर पहुंचीं टीम को वहां 500 ट्रॉली रेत भंडारित मिला। जिसे दो लोडर और एक जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कराया गया। नष्ट कराए गए रेत का बाजारू मूल्य 11 लाख रूपये बताया जा रहा है। कार्रवाई में एसआई पारथ सिंह परिहार सहित पुलिसबल, वनविभाग, एसएएफ के अधिकारी, कर्मचारी शामिल थे।

### बंधक बनाकर मारपीट के मामले में नामजद 3 गिरफ्तार

**मुरैना।** विगत 10 जून को पोरसा क्षेत्र के ज्ञानेन्द्र का पुरा में फरियादी सौरव सिंह तोमर की बंधक बनाकर मारपीट करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग किए जाने के मामले में नामजद मनीष सिंह पुत्र हिम्मत सिंह तोमर नि. टीकैत का पुरा, रामखिलाड़ी पुत्र पुरुषोत्तम सिंह तोमर नि. टीकैत का पुरा और हिमांशु सिंह पुत्र रामलखन सिंह सिकरवार नि. ग्राम सांगौली सिहौनिया को 18 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कट्टा और मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में नामजद 4 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्रवाई में निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह, एसआई दुर्गेश सिंह, प्र.आर. महेश शर्मा, आरक्षक सीताराम, प्रमोद जाट, श्रीचंद जाट, कल्यान, राजकुमार, आरक्षक चालक दुर्वेश यादव शामिल थे।



# 3 देशी पिस्टलों के साथ एक हथियार तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 जून।** जौरा पुलिस ने एक शातिर हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 3 देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**जौरा पुलिस ने पगारा चौकी के पास बुरावली रोड से दबोचा**

जानकारी के अनुसार जौरा पुलिस को सूचना मिली कि पगारा चौकी के पास बुरावली रोड पर एक युवक बड़ी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ खड़ा हुआ है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश देकर वहां से सौरभ खटीक पुत्र आशाराम खटीक निवासी सबलगढ़ को पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से तीन देशी पिस्टल बरामद की। पूछताछ में बदमाश सौरभ खटीक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर हथियारों की खरीद-फरोख्त का काम किया जाना कुबूल किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध सबलगढ़ थाने में करीब एक दर्जन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। फरार साथी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। कार्रवाई में साइबर सेल और थाना पुलिस की टीम शामिल रही। कार्रवाई में इंचार्ज थाना प्रभारी जौरा एसआई पंकज यादव, एसआई नरेन्द्र कुशवाह, सायबर सैल के एसआई अभिषेक जादौन, प्र.आर. शैलेन्द्र, धर्मेन्द्र, नीरज तोमर, आरक्षक जितेन्द्र गुर्जर, सुमित जाट, जयदीप भदौरिया, गिरजेश भार्गव, प्र.आर. चालक नरेश बाथम शामिल थे।

**आरोपी सौरभ के विरुद्ध विभिन्न थानों में दर्जनभर केस दर्ज :** पुलिस ने बताया कि पकड़े गए हथियार तस्कर सौरभ खटीक के विरुद्ध मुरैना जिले के सबलगढ़, कैलारस, जौरा और श्योपुर जिले के विजयपुर थाने में आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, मारपीट सहित विभिन्न संगीन धाराओं में कुल 12 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

## अंबाह की मनु जैन का एसएससी स्टेनोग्राफर परीक्षा में चयन

**मुरैना/अंबाह, 18 जून।** प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत के दम पर अंबाह की मनु जैन ने एसएससी स्टेनोग्राफर परीक्षा-2025 में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंतिम परिणाम में उनका चयन भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय में हुआ है।



अंबाह के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अजय जैन की पुत्री मनु ने यह उपलब्धि अपने पहले ही प्रयास में हासिल की। उन्होंने घर पर रहकर स्व-अध्ययन, ऑनलाइन कक्षाओं और यूट्यूब के माध्यम से तैयारी कर सफलता प्राप्त की है। मनु की सफलता पर परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके बड़े भाई हर्ष जैन भी पहले प्रयास में चयनित होकर वर्तमान में केंद्रीय नीति आयोग में सेवाएं दे रहे हैं। मनु की उपलब्धि पर सामाजिक, शैक्षणिक और पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रतनबसई में झंडा वाले हनुमान मंदिर पर भागवत कथा 24 से

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 18 जून।** ग्राम रतनबसई स्थित प्राचीन झंडे वाले बाबा हनुमान मंदिर परिसर में 24 जून से 1 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। कथा का वाचन आचार्य जितेंद्र उपाध्याय करेंगे, जबकि रामवीर सिंह तोमर परीक्षित रहेंगे। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में बुधवार को ग्रामीणजनों की बैठक हुई। जिसमें साफ-सफ ई, पेयजलए सुरक्षा और श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने निकाली रैली, दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 जून।** मप्र शिक्षक संघ ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर उत्पन्न असमंजस और पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मप्र के स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम गुरूवार को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए तथा उनकी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य संवैधानिक अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

**पूर्व नियुक्त शिक्षकों को संरक्षण, न्याय संगत समाधान की मांग**



ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा 2010 में शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी अधिसूचना जारी की गई थी, जबकि इससे पूर्व देशभर में लाखों शिक्षकों की नियुक्तियां तत्कालीन नियमों, योग्यता मानकों एवं चयन प्रक्रिया के अनुसार विधिवत हो चुकी थीं। ऐसे में बाद में निर्धारित पात्रता मानकों को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्यायसंगत नहीं है। संघ ने उल्लेख किया कि वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों ने राष्ट्र निर्माण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ज्ञापन मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने से पहले शिक्षक रेस्ट हाऊस परिसर में एकत्रित हुए। यहां से रैली के रूप में नवीन कलेक्ट्रेट भवन पहुंचें। ज्ञापन सौंपने वालों में रामअवतार सिंह सिकरवार, बिंदु सोलंकी, संगठन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल थे।